# रक्षा अब निवेश का क्षेत्र : राजनाथ

- रक्षा खर्च को अब आर्थिक निवेश के रूप में देखा जा रहा
- हथियारों की होड़ फिर तेज, स्वदेशी हथियारों की मांग बढ़ी




**नई दिल्ली, 7 जुलाई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि दुनिया भर में फिर से हथियारों की होड़ बढने से रक्षा क्षेत्र को अब केवल आवश्यक व्यय के बजाय एक रणनीतिक आर्थिक निवेश के रूप के रूप में देखा जा रहा है और इसे ध्यान में रखते हुए 'रक्षा क्षेत्र के अर्थशास्त्र' पर विशेष जोर दिये जाने की जरूरत है.**

सिंह ने सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग द्वारा आयोजित नियंत्रक सम्मेलन 2025 में रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी बदलावों का उल्लेख किया. दुनिया के अनेक हिस्सों में बढ रहे टकरावों तथा संघर्षों के मद्देनजर हथियारों की होड़ के बढने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा,आज भारत सहित पूरा विश्व फिर से हथियारबंद होने के नए दौर से गुजर रहा है. अब इस क्षेत्र में काफी पूंजीगत निवेश किये जा रहें हैं. कुछ समय पहले तक तो रक्षा क्षेत्र में किये गए निवेश को संपूर्ण अर्थव्यवस्था का हिस्सा तक नहीं माना जाता था. इसे मात्र आवश्यक व्यय के तौर पर देखा जाता था और सुरक्षा पर हुए निवेश का कोई आर्थिक मूल्यांकन भी नहीं होता था. रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में हथियारों से संबंधित निवेश के बढने से रक्षा क्षेत्र के अर्थशास्त्र पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है.

उन्होंने कहा,आज के दौर में जब हथियारों और इससे संबंधित निवेश में तेजी से वृद्धि हो रही है तो हमें रक्षा अर्थशास्त्र पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है. आज अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित लगभग सभी बड़े देश रक्षा खर्च को तेजी से बढ़ा रहे हैं. ऐसे में रक्षा अर्थशास्त्र का महत्व भी बढ जाता है.

> उन्होंने कहा कि अब रक्षा क्षेत्र केवल आवश्यक व्यय नहीं रह गया है बल्कि यह आर्थिक निवेश की तरह देखा जा रहा है जिसका अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ रहा है .सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र ने केवल स्वयं वृद्धि कर रहा है बल्कि दूसरे क्षेत्रों में बढोतरी में भी योगदान दे रहा है .सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि सैनिकों की वीरता और स्वदेशी हथियारों की क्षमता के प्रदर्शन ने स्वदेशी उत्पादों की वैश्विक मांग को और बढ़ा दिया है . उन्होंने कहा,दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र को नए सम्मान के साथ देख रही है .

### उद्योगों को वैश्विक मांग में बदलाव

रक्षा मंत्री ने स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2024 में बढता वैश्विक सैन्य व्यय 2700 अरब डॉलर तक पहुंच गया है और इससे भारत के स्वदेशी रक्षा उद्योगों के लिए जबरदस्त अवसर पैदा हुए हैं . उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के उद्योगों को वैश्विक मांग में बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए और निर्यात तथा नवाचार में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए . उन्होंने कहा, हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि निर्णय तेजी से लिए जाएँ ताकि हम यहीं भारत में बड़े इंजनों का निर्माण शुरू कर सकें और यह यात्रा भारतीयों के हाथों से शुरू हो .उन्होंने उन्नत स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं के निर्माण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की .सिंह ने निरंतर बदलती परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि शांति का समय एक भ्रम के अलावा कुछ नहीं है . उन्होंने कहा,अपेक्षाकृत शांत अवधि के दौरान भी हमें अनिश्चितता के लिए तैयार रहना चाहिए . अचानक होने वाले घटनाक्रम हमारी वित्तीय और परिचालन स्थिति में पूर्ण बदलाव ला सकते हैं . चाहे वह उपकरण उत्पादन को बढ़ाना हो या वित्तीय प्रक्रियाओं को अनुकूलित करना हो, हमें हर समय नवीन तकनीकों और उत्तरदायी प्रणालियों के साथ तैयार रहना चाहिए .



# झुंझुनू में उद्घाटन से पहले ही सड़क बही

**झुंझुनू, 07 जुलाई. राजस्थान में झुंझुनू जिले के बाघोली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-52 को जोड़ने वाली बाघोली-जहाज सड़क काटली नदी क्षेत्र में बरसात के पानी में बह गयी.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सड़क का हाल ही में निर्माण कार्य पूरा हुआ था और इसका औपचारिक रूप से उद्घाटन होना था. उद्घाटन से पहले ही सड़क का एक बड़ा हिस्सा काटली नदी के बहाव में समा गया. सड़क के बहने से सड़क पर करीब 35 फुट का गहरा गड्ढा बन गया.

इससे पापड़ा और पंचलगी सहित कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह से टूट गया है.राष्ट्रीय राजमार्ग -52 को जोड़ने वाली बाघोली-जहाज सड़क का कार्य हाल ही में पूरा हुआ था. इस सड़क के टूटने के बाद काटली नदी के किनारे बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गये.

> इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए सड़क के पुनर्निर्माण से पहले तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में काम करवाने की मांग की, जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति फिर न आये.

# बिहार में चक्का जाम की घोषणा

**मतदाता सूची विवाद पर विपक्ष ने किया विरोध तेज**

**महागठबंधन ने किया आंदोलन का ऐलान**

**नई दिल्ली, 7 जुलाई .बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले को लेकर विपक्षी दलों ने नौ जुलाई को चक्का जाम का आह्वान किया है जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी शामिल हो सकते हैं. विपक्षी दलों का महागठबंधन बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का लगातार विरोध कर रहा है.**

उनका कहना है कि इससे बड़ी संख्या में मतदाता मतदान से वंचित हो सकते हैं. महागठबंधन का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी जानबूझ कर चुनाव आयोग के साथ मिलकर ये कदम उठा रही है.सूत्रों के अनुसार लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी महागठबंधन द्वारा आयोजित चक्का जाम के मौके पर पटना जा सकते हैं.




> उनका कहना है कि इससे महागठबंधन की मुहिम को मजबूती मिलेगी .सूत्रों ने बताया कि महागठबंधन के नेताओं ने बिहार के राज्यपाल से मिलने का वक्त माँगा है. वे मतदान सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपना चाहते हैं. हांलाकि राज्यपाल की ओर से मुलाकात का समय अभी तक नहीं दिया गया है .मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले को लेकर महागठबंधन के नेता चुनाव आयोग से मिलकर अपनी आपत्ति जता चुके हैं. उनका कहना है कि आयोग द्वारा अचानक उठाया गया ये कदम पूरी तरह अनुचित है और उसे इस पर पुनर्विचार करना चाहिए.

## दो पक्षों के विवाद में दो की गोली मारकर हत्या

**राजगीर.** बिहार में नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी.पुलिस सूत्रों ने बताया कि डुमरावां गांव में देर शाम को गांव के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दो पक्षों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई. गोली लगने से ओम प्रकाश पासवान की पुत्री अन्नू कुमारी (22),और संतोष पासवान के पुत्र हिमांशु कुमार (24) घायल हो गये. सूत्रों ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

# ब्रिक्स सम्मेलन में जयशंकर सक्रिय

- रूस, ईरान और मैक्सिको से बातचीत की
- रूस से ब्रिक्स और एससीओ की बात
- ईरान से हाल की घटनाओं पर चर्चा



**रीओ डी जनेरियो,7 जुलाई. भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर रविवार को रूस, ईरान और मैक्सिको के अपने समकक्षों से मुलाकात की. इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई.**

जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग, पश्चिम एशिया, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन पर बात की. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ब्रिक्स2025 के इतर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा.उन्होंने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से भी मुलाकात की और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की. जयशंकर ने कहा, ईरान के विदेश मंत्री अराघची से मिलकर खुशी हुई. हमारी बातचीत हालिया क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर केंद्रित थी.

मैक्सिको के विदेश मामलों के सचिव जुआन रामोन डी ला फुएंते के साथ अपनी बैठक के दौरान, जयशंकर ने द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की, जिसमें स्वास्थ्य, डिजिटल, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया.

> ब्रिक्स एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है क्योंकि यह दुनिया की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है, जो वैश्विक आबादी का लगभग 49 .5 प्रतिशत, वैश्विक जीडीपी का लगभग 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 26 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है .ब्रिक्स, जिसमें मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे, का 2024 में विस्तार हुआ जिसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हुए,

## एक नजर में



### इजरायल ने लाल सागर के बंदरगाहों पर हमले किये

**यरुशलम .** इजरायल ने कल देर रात यमन में लाल सागर के बंदरगाहों पर हवाई हमले किये हैं .यह हमला इजराइली सेना द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों को तत्काल क्षेत्र को खाली निकासी की चेतावनी जारी करने के कुछ ही मिनटों बाद पश्चिमी होदेइदाह प्रांत में हुआ . प्रत्यक्षदर्शियों ने होदेइदाह बंदरगाह सहित यमन के पश्चिमी तट पर कई स्थानों पर विस्फोटों की सूचना दी .इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज़ ने एक बयान में कहा कि हमलों ने हूती के गढ़ों को निशाना बनाया, जिसमें होदेइदाह, अस सालिफ़ और रास ईसा के बंदरगाह, रास कातिब पावर स्टेशन और गैलेक्सी लीडर शामिल हैं . इजरायली सेना ने कहा कि लक्षित बंदरगाहों का इस्तेमाल हूती द्वारा ईरानी शासन से हथियार स्थानांतरित करने के लिए किया गया था .

### हर छत बनेगी बिजलीघर : रेखा

**नयी दिल्ली .** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य दिल्ली को स्वच्छ, ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार राजधानी बनाना है . रेखा गुप्ता ने आज कहा, हमारा उद्देश्य दिल्ली को स्वच्छ, ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार राजधानी बनाना है . अक्षय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) मॉडल के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि दिल्ली के नागरिकों को बिना किसी अग्रिम लागत के सौर ऊर्जा का लाभ मिले .

### खालिस्तानी हैंडलर,हैप्पी पासिया की वापसी तय

**चंडीगढ़/नई दिल्ली .** पंजाब में आतंकी गतिविधियों का लंबे समय से वांछित चेहरा हैप्पी पासिया अब जल्द ही भारत की गिरफ्त में होगा . राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अमेरिका से उसकी वापसी की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं . सूत्रों के अनुसार, हैप्पी को कभी भी भारत लाया जा सकता है . वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से सीधे तौर पर जुड़ा रहा है . हैप्पी पासिया पर पंजाब में 2024-25 के बीच हुए 14 से अधिक आतंकी हमलों में संलिप्तता रही है .

## बिहार पर हिंसा की छाया मायावती ने आयोग से सख्त कार्रवाई की मांग

**लखनऊ.** बसपा अध्यक्ष मायावती ने चुनाव आयोग से अपील की है कि बिहार विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव के लिये आयोग को हाल ही में घटित हिंसक घटनाओं को ध्यान में लेकर उचित कदम उठाना चाहिये.मायावती ने सोमवार को कहा कि बिहार में चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के दौरान हिंसक घटनाक्रम किसके और किसकी स्वार्थ की पूर्ति के लिए किया जा रहा है, इसको लेकर राज्य की गठबंधन सरकार कठघरे में है और आगे चलकर राज्य के राजनीतिक समीकरण व चुनाव पर इसका असर देखने वाला होगा.

# पंजाब में बस पलटने से 7 की मौत

## हाजीपुर से दसूया जा रही थी मिनी बस, 40 यात्री थे सवार

**होशियारपुर 07 जुलाई. पंजाब में दसूहा थाना क्षेत्र के सगरां गांव के निकट सोमवार को एक निजी परिवहन कंपनी की मिनी बस पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गयी और अन्य 32 घायल हो गए.**

मुकेरियां के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) कुलविंदर सिंह विर्क ने बताया कि मिनी बस में करीब 40 यात्री सवार थे. बस हाजीपुर से दसूया जा रही थी, तभी सगरां गांव के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस पलट गई. स्थानीय निवासियों और पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए. डीएसपी ने बताया कि घायल यात्रियों को इलाज के लिए दसूया के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है और इसकी गहन जांच की जाएगी.

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, जिला होशियारपुर में दसूहा के गांव सगरा में एक बड़ा हादसा हुआ है, जहां सवारियों से भरी एक मिनी बस और कार की टक्कर हुई है. इस हादसे में कई लोगों की मौत की खबर मिली है और कई लोग घायल बताये जा रहे हैं. प्रशासन को तुरंत घायलों की मदद करने के निर्देश दिये हैं और मैं लगातार प्रशासन के संपर्क में हूं.

## आज का इतिहास

1792 : फ्रांस ने परशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.

1836 : महान वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन शोध करने सेंट हेलेना पर पहुंचे .

1954 : भाखड़ा नहर परियोजना का उद्घाटन

1963 : अमेरिका ने क्यूबा के साथ अपने सभी वित्तीय लेनदेन बंद किए .

1972 : बतौर कप्तान भारतीय क्रिकेट को नए तेवर देने वाले खिलाड़ी सौरव गांगुली का जन्म .

1981 : फ्रांस के प्रधानमंत्री मॉरिस ने बैंको और कुछ बड़े उद्योगों का राष्ट्रीयकरण .




# द्वारका में स्किल सेंटर का उद्घाटन

**विशेष बच्चों के लिए शुरू हुआ स्किल डेवलपमेंट सेंटर**

**शारीरिक-मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए**

**द्वारका, 7 जुलाई.आशीर्वाद फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में द्वारका सेक्टर 7 में स्किल डेवलपमेंट सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया. इस सेंटर को शारिरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से आरंभ किया गया.**

इसमें प्रारंभिक रूप से 5 कम्प्युटर के माध्यम से कम्प्युटर ट्रेनिंग की शिक्षा दी जाएगी. भविष्य में संस्थान को अतिरिक्त कम्प्युटर की आवश्यकता होगी, जिसे समाज के सक्षम एवं समर्थ व्यक्तियों के सहयोग से इस सेंटर को विस्तृत रूप दिया जाएगा ताकि डेढ सौ से अधिक बच्चे इसका लाभ उठा सकें. आने वाले समय में शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिये क्लिनिक भी आरंभ किया जाएगा.स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उ?द्घाटन आर. के. जी. हॉस्पिटेलिटिज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी रविन्द्र कुमार गुप्ता जी के द्वारा किया गया.


### इस अवसर पर विशेष अतिथि उपस्थित रहे

इस अवसर पर विशेष अतिथियों के रूप में डॉ. राम अवतार शर्मा ,राजवीर सोलंकी, रमा भल्ला, संदीप सक्सेना,रचना सक्सेना, लायंस क्लब से किरण गुलाटी, स्ट्रोनिक्स फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी रविकांत काबरा, एवं रोहित मित्तल उपस्थित रहे .इस महत्वपूर्ण अवसर पर आशीर्वाद फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संचालक एवं प्रेरणास्रोत डॉ. रमेश चन्द्र शुक्ला ने सभी विशिष्ट अतिथियों के साथ विशेषरूप से भगत चन्द्रा हॉस्पिटल, और डॉ. ए. के. केसर का धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से निरंतर फ्री मेडिकल कैंप आयोजित होते रहते हैं .

# शिवराज सिंह ने पेश किया विस्तार रोडमैप

- 2047 तक दोगुना होगा मक्का उत्पादन
- वैज्ञानिकों को खेतों में भेजा जाएगा

**नई दिल्ली, 7 जुलाई . केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में मक्का उत्पादन को 2047 तक दो गुना से अधिक करने की सरकार की योजना का एक खाका प्रस्तुत करते हुए सोमवार को कहा कि यह लक्ष्य अनुसंधान, कृषक**




**शिक्षा और उन्नत कृषि पद्धतियों के जरिए प्राप्त किया जा सकता है.**

चौहान यहां भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ द्वारा भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर) के सहयोग से आयोजित भारत मक्का शिखर सम्मेलन के 11वें संस्करण का उद्घाटन कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि भारत में मक्का उत्पादन 1990 के दशक में एक करोड़ टन वार्षिक था जो अब 4.23 करोड टन तक पहुंच गया है. इसे 2047 तक अनुमानित 8.6 करोड़ टन तक पहुंचाने का लक्ष्य है. उन्होंने कहा कि भारत में मक्का की उपज 3.7 टन प्रति हेक्टेयर पर बनी हुई है जो वैश्विक मानकों से कम है. उत्पादकता में बिहार और पश्चिम बंगाल अग्रणी राज्यों में हैं.


> कृषि मंत्री ने मक्का क्षेत्र में बदलाव के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत करते हुए कहा कि बेहतर शोध, किसान शिक्षा और उन्नत कृषि पद्धतियों के माध्यम से मक्का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है .चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि किसानों की सेवा हमारा मूल मंत्र है, उन्होंने किसान-केंद्रित नीतियों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की .

**चिकित्सा पद्धति** | **यूपी सरकार की आयुर्वेद को बढ़ावा देने की योजना**

# अब पंचगव्य से बनेगी औषधियां, दूध-दही से बनेगा मंजन : योगी

- गौमूत्र से 19 रोगों का इलाज
- गौशालाओं की उपयोगिता बढ़ेगी

**लखनऊ, 7 जुलाई.उत्तर प्रदेश सरकार ने आयुर्वेद और परंपरागत चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के मकसद से अनोखी पहल की है जिसके अंतर्गत अब दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर ( पंचगव्य ) से आयुर्वेदिक मंजन, मलहम और औषधीय उत्पाद तैयार किए जाएंगे.**




खास बात यह है कि इन उत्पादों को औपचारिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में सम्मिलित किया जाएगा. पंचगव्य के आधार पर बड़े पैमाने पर उत्पाद बनाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और गोशालाओं की उपयोगिता भी पहले से अधिक बढ़ जाएगी.विशेषज्ञों के अनुसार गोमूत्र में औषधीय गुण मौजूद होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं. सरकार के इस प्रयास के तहत डायबिटीज और हृदय रोग जैसी कुल 19 बीमारियों के इलाज में गोमूत्र आधारित उत्पाद प्रभावी भूमिका निभाएंगे जिनमें चर्म रोग, गठिया जोड़ों का दर्द, मुंहासे, साइनस, दमा एवं सांस संबंधी रोग, पीलिया, पेट दर्द, तेज बुखार, एनीमिया, टॉन्सिल, हृदय रोग, चक्कर/सर दर्द, पालिप्स, डैंड्रफ, मधुमेह, गंजापन, अवसाद, रक्त विकार, दांत दर्द शामिल हैं.

> उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि आयुष विभाग के सहयोग से पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाया जा रहा है . पंचगव्य का विशेष महत्व है और अब इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तैयार कर आमजन के लिए लाभकारी औषधियों के रूप में उपयोग में लाया जाएगा .सरकार की योजना है कि पंचगव्य से बनने वाले उत्पादों को आधुनिक अनुसंधान से जोड़कर प्रमाणिक बनाया जाए .

# वृंदावन की गलियां खतरे में : अखिलेश

**लखनऊ 07 जुलाई . समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि वृंदावन में कॉरिडोर के नाम पर कुंज गलियों का पौराणिक स्वरुप बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है.**



यादव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वृंदावन की पहचान भगवान कृष्ण की रासलीला और कुंज गलियों के लिये पूरी दुनिया में है. यहां दुनिया के कोने कोने से श्रद्धालु प्राचीन मंदिर और कुंज गलियों को देखने आते हैं मगर सरकार कॉरिडोर के नाम पर इन कुंज गलियों का स्वरुप बिगाड़ रही है जो ठीक नहीं है.उन्होने कहा कि कॉरिडोर के नाम पर न जाने कितने प्राचीन मंदिर नष्ट हो जायेंगे और गलियों को चौड़ा करने से उनकी सुंदरता पर भी आंच आयेगी. सरकार को चाहिये कि इटली के धार्मिक नगर वेनिस की तर्ज पर कॉरिडोर का निर्माण करे ताकि कुंज गलियों की सुंदरता बरकरार रहे. सरकार का तर्क है कि गलियां चौड़ी होने से श्रद्धालुओं को सुविधा होगी.

> सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि काशी की तरह सरकार कान्हा नगरी में भी कॉरिडोर के नाम पर पौराणिक सुंदरता को बिगाड़ना चाहती है . उन्होने कहा कि सरकार को मथुरा में यमुना नदी के प्रदूषण पर ध्यान देना चाहिये जहां जैविक आक्सीजन की मात्रा कम होने से हजारों मछलियां मर रही हैं .उन्होने कहा कि वास्तव में सरकार कॉरिडोर के जरिये अपने पंसदीदा गिने चुने लोगों को लाभ पहुंचाना चाहती है . उसे उन स्थानीय लोगों की परवाह नहीं है जो सदियों से मथुरा की गलियों में बसे हुये है और उन्हे कॉरिडोर के नाम पर बेदखल किया जा रहा है .